पंजाब केसरी 01/03/2024

जी.एम.एन. कालेज में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलू' पर हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

अम्बाला, 29 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज में वीरवार को 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलू' विषय पर ऑनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन कम्प्यूटर विभाग के प्राध्यापक डा. सुरजीत सगवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान रिसोर्सपर्सन डा. अजीत बेहुरा और डा. रेखा चौहान ने नई शिक्षा नीति के विविध पहलुओं पर चर्चा की। ओरिएंटेशन में यह भी बताया गया कि कैसे नई शिक्षा नीति से संबंधित करिकुलम को सुधारा जा सकता है।



ऑनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम में भाग लेते प्राध्यापक।

कार्यक्रम के संयोजक डा. सुरजीत सगवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को बेहतरीन भविष्य की ओर अग्रसर करना है, ताकि विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के विषय में सृजनात्मक और जागरूक बनाया जा सके। कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर काफी रुचि दिखाई एवं रिसोर्सपर्सन से इसके बारे में प्रश्नोत्तर भी किया।